उत्तर प्रदेश

विशिष्ट करेंट अफेयर्स

मार्च 2022

1. नेशनल पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के एथलीटों ने जीते पांच पदक\

- मार्च 2022 में कोलकाता में आयोजित 19वीं सीनियर और 14वीं जूनियर नेशनल पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के एथलीटों ने दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित 5 पदक जीते।
- 24 राज्यों के 150 से अधिक एथलीटों ने राष्ट्रीय खेलों में भाग लिया, जो भारतीय पैरालंपिक समिति के अधिकार के तहत आयोजित किए गए थे।
- सुमित कुमार ने सीनियर्स 97 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

2. 20 मार्च 2022 से आगरा में शुरू हुआ ताज महोत्सव

- कला, शिल्प और संस्कृति के 10 दिवसीय उत्सव ताज महोत्सव का उद्घाटन 20 मार्च 2022 को आगरा के शिल्पग्राम में किया गया।
- यह 29 मार्च 2022 तक आयोजित किया जाएगा।
- सांस्कृतिक उत्सव की विषयवस्तु 'आजादी के अमृत महोत्सव के संग, ताज महोत्सव के रंग' है।
- त्योहार में कश्मीर, वाराणसी, पश्चिम बंगाल, फरीदाबाद, पंजाब, छत्तीसगढ़ और कई अन्य राज्यों के कलाकारों द्वारा प्रदर्शित की गई कृतियाँ हैं।

3. योगी आदित्यनाथ ने दूसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की ली शपथ

- योगी आदित्यनाथ ने 25 मार्च 2022 को लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में दूसरे कार्यकाल के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।
- बृजेश पाठक एवं केशव प्रसाद मौर्या ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 18 कैबिनेट मंत्रियों समेत 34 राज्य मंत्रियों को भी शपथ दिलाई।
- आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के 33वें मुख्यमंत्री हैं।
- वह लगातार दूसरा कार्यकाल जीतने वाले उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री हैं।

4. बिना चीरफाड़ लगेगा सर्वाइकल कैंसर का पता, बीएचयू ने खोजा तरीका

- केंद्रीय विश्वविद्यालय बीएचयू के एक अध्ययन में रोगियों में बिना चीरफाड़ के सर्वाइकल कैंसर का पता लगाने का तरीका ढूंढ निकाला है। अध्ययन सर्वाइकल कैंसर का पता लगाने के लिए निदान विकसित करने में बहुत उपयोगी हो सकता है, जो दुनिया भर में महिलाओं की मृत्यु के शीर्ष कारकों में से एक है।
- इस शोध के नतीजे सर्वाइकल कैंसर के इलाज में महत्वपूर्ण नई दिशा दिखा सकते हैं, क्योंकि अभी तक सर्वाइकल कैंसर का पता लगाने का एकमात्र तरीका टिश्यू बायोप्सी ही था, जो काफी दर्द भरा तो होता ही है, ये सबके लिए आसानी से उपलब्ध भी नहीं होता।

5. भारतीय निशानेबाज सौरभ चौधरी ने ISSF विश्व कप 2022 में 10 मीटर एयर पिस्टल का स्वर्ण जीता

- भारत के युवा शूटर सौरभ चौधरी ने मिस्र के काहिरा में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ विश्व कप में भारत को गोल्ड मेडल दिलाया है। 19 साल के भारतीय शूटर ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता। फाइनल मुकाबले में सौरभ ने जर्मनी के माइकल श्वाल्ड को 16-6 के अंतर से हराया।
- सौरभ चौधरी उत्तर प्रदेश के मेरठ के पास के गांव कलिना के रहने वाले और एक किसान के बेटे हैं।

6. **प्रो. दीपक धर बने बोल्ट्जमान पदक से सम्मानित होने वाले प्रथम भारतीय**

- हाल ही में, हुई घोषणा के अनुसार IIT कानपुर के पूर्व छात्र प्रो. दीपक धर को वर्ष 2022 के लिए बोल्ट्जमान पदक से नवाजा जायेगा।
- इसके साथ ही यह पदक प्राप्त करने वाले प्रो. दीपक धर पहले भारतीय बन गए हैं। ध्यान रहे की प्रो. धर को यह पुरस्कार सांख्यिकी भौतिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया है।
- स्टैटफिस सम्मेलन में इंटरनेशनल यूनियन ऑफ प्योर एंड एप्लाइड फिजिक्स (IUPAP) की ओर से सांख्यिकी भौतिकी पर हर तीन साल में यह पदक प्रदान किया जाता है।

7. **अंतर्राष्ट्रीय ध्रुपद मेला 2022**

- 2 मार्च, 2022 को वाराणसी के तुलसीघाट पर आयोजित पाँच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ध्रुपद मेला के 48वें संस्करण का समापन हो गया।
- इस मेले का आयोजन महाराजा बनारस विद्यान्यास एवं ध्रुपद समिति के तत्वावधान में किया गया।
- ध्रुपद मेला प्रत्येक वर्ष फरवरी और मार्च महीने में आयोजित किया जाने वाला पाँच दिवसीय संगीत उत्सव है, जिसमें भाग लेने और अपना प्रदर्शन दिखाने के लिये पूरे भारत से प्रख्यात संगीत कलाकार आते हैं।

8. **देबाशीष पांडा बने भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) के नए अध्यक्ष**

- हाल ही में, केंद्र सरकार ने वित्तीय सेवा विभाग के पूर्व सचिव देवाशीष पांडा को भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है।

- इससे पहले उत्तर प्रदेश कैडर के 1987 बैच के IAS अधिकारी पांडा 2 साल के कार्यकाल के बाद जनवरी 2022 में वित्तीय सेवाओं के सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे। पांडा यहाँ इस पद पर "सुभाष चंद्र खुंटिया" का स्थान लेंगे।

9. हिन्दी साहित्य सम्मेलन का 73वां अधिवेशन प्रयागराज में हुआ

- हिन्दी साहित्य सम्मेलन का दो दिवसीय 73वां अधिवेशन एवं परिसंवाद 12 मार्च को 27 साल बाद प्रयागराज में आयोजित हुआ।
- सम्मेलन के 111 साल के इतिहास में सात बार प्रयागराज में अधिवेशन किया गया है। अंतिम बार 1994 में हुआ था। अधिवेशन में कई प्रांतों के साहित्यकारों ने भाग लिया।

10. लखनऊ से उत्तराखंड के बीच 300 किमी लंबा एक्सप्रेस बनाया जाएगा

- गोमती एक्सप्रेसवे नाम से बनने वाला ये राजमार्ग गोमती नदी किनारे बनेगा और दुधवा नेशनल पार्क को जोड़ते हुए उत्तराखंड के नैनीताल जिले में हल्द्वानी शहर को जोड़ेगा।
- गोमती एक्सप्रेसवे बनाने के खर्च का भी आकलन हो चुका है। जमीन अधिग्रहण, फ्लाईओवर, रेलवे ओवर ब्रिज, सर्विस रोड समेत पूरी परियोजना पर करीब 15040 करोड़ रुपए खर्च आएगा। इसे बनाने के लिए केंद्र सरकार से भी मदद दी जाएगी।
- सिटी डेवलपमेंट प्लान में इस प्रोजेक्ट को पूरा करने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। गोमती एक्सप्रेस वे के 2027 तक बनकर तैयार होने की उम्मीद है।

11. नमो घाट नाम से जाना जाएगा वाराणसी का खिड़किया घाट

- वाराणसी के खिड़किया घाट की पहचान नमो घाट के रूप में भी होगी। खिड़किया से आदिकेशव घाट के बीच में बन रहे नए घाट का नाम नमो घाट करने की तैयारी है।

- खिड़किया घाट पर बनी नमस्कार मुद्रा की तरह एक और आकृति लगाई जाएगी। इसकी ऊंचाई 75 फीट होगी। मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल ने कार्यदायी संस्था के साथ बैठक में अप्रैल तक इसे तैयार करने का निर्देश दिया है।

12. वाराणसी में हुआ पुतुल उत्सव का आयोजन

- विश्व कठपुतली दिवस के अवसर पर संगीत नाटक अकादमी पुतुल उत्सव का आयोजन वाराणसी के अस्सी घाट पर आयोजित किया गया।
- इस उत्सव को देश के 5 बड़े शहरों में आयोजित किया गया था। खास बात यह है कि इस बार पुतुल उत्सव आजादी के अमृत महोत्सव के रंग में रंगा हुआ और यही वजह है कि इसकी थीम भी आजादी के रंग, पुतल के संग रखी गई थी।

BYJU'S EXAM PREP

13. उत्तर प्रदेश के स्मार्ट शहरों की रैंकिंग जारी

- केंद्रीय आवास और शहरी मंत्रालय ने स्मार्ट सिटी शहरों की रैंकिंग जारी है। स्मार्ट सिटी की रैंकिंग में उत्तर प्रदेश में वाराणसी टॉप पर है, जबकि कानपुर 6वें से चौथे स्थान पर पहुंच गया है। रैंकिंग अच्छी होने की बड़ी वजह पिछले दिनों तेजी से हुए विकास कार्यों को माना जा रहा है।
- स्मार्ट सिटी मिशन की ओर से फरवरी की जारी रैंकिंग में भोपाल पहले स्थान पर है, जबकि इंदौर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। देश की रैंकिंग में टॉप 10 में प्रदेश के 3 शहर वाराणसी, आगरा और लखनऊ शामिल हैं।

14. IIT कानपुर के प्रोफेसर अरुण शुक्ला को खोसला राष्ट्रीय पुरस्कार

- जी-प्रोटीन युग्मित रिसेप्टर्स की संरचना, कार्य व माड्यूलेशन क्षेत्र में शोधकार्य करने वाले भारतीय

प्रौद्योगिकी संस्थान के बायोलाजिस्ट और प्रोफेसर अरुण कुमार शुक्ला को विज्ञान का प्रतिष्ठित खोसला राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

- वर्तमान में डा. शुक्ला आईआईटी में बायोसाइंस एंड बायोइंजीनियरिंग विभाग में जाय गिल चेयर प्रोफेसर हैं। डा. शुक्ला ने जी प्रोटीन युग्मित रिसेप्टर्स की संरचना, कार्य और विनियमन को समझने के लिए शोध किया है।

15. नीति आयोग ने जारी किया "निर्यात तत्परता सूचकांक 2021"

- नीति आयोग के निर्यात तत्परता सूचकांक में उत्तर प्रदेश को छठा स्थान प्राप्त हुआ। गुजरात लगातार दूसरे साल पहले स्थान पर आया है। महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर है जबकि कर्नाटक को इस सूची में तीसरा स्थान मिला है।
- नीति आयोग की तरफ से जारी होने वाले निर्यात तत्परता सूचकांक के जरिये राज्यों की निर्यात संभावनाओं और प्रदर्शन के लिहाज से राज्यों की तैयारी का आकलन किया जाता है।

16. IIT कानपुर द्वारा विकसित किया गया बायोडिग्रेडेबल नैनोपार्टिकल

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) कानपुर के शोधकर्ताओं ने एक बायोडिग्रेडेबल नैनोपार्टिकल बनाया है जिसका उपयोग फसलों को बैक्टीरिया और फंगल बीमारियों से बचाने के लिए रासायनिक-आधारित कीटनाशकों के विकल्प के रूप में किया जा सकता है।
- आईआईटी कानपुर के निदेशक अभय करंदीकर ने कहा कि किसानों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, इसलिए आईआईटी कानपुर ने खेती के माहौल को बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास किया है।
- नैनोपार्टिकल्स कृषि उत्पादकता में वृद्धि करते हुए फसल संक्रमण के जोखिम को कम करेंगे।

BYJU'S EXAM PREP

17. उत्तर प्रदेश सरकार ने ओंबडस्पर्सन एप विकसित किया गया

- मनरेगा से संबंधित शिकायतों की सुचारू रिपोर्टिंग और वर्गीकरण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय के द्वारा ओंबडस्पर्सन एप विकसित किया गया है।
- अब मनरेगा में काम, भुगतान या फिर अन्य किसी तरह की परेशानी हो रही है तो आपको ब्लाक, तहसील या जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। मनरेगा के श्रमिकों को इस एप की मदद से मनरेगा से जुड़ी समस्याओं का घर बैठे समाधान होगा। यह एप मनरेगा को और अधिक पारदर्शी बनाएगा।

18. उस्ताद अमजद अली खान, पंडित हरिप्रसाद चौरसिया लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

- महाराष्ट्र के ठाणे शहर में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में मशहूर सरोद वादक उस्ताद अमजद अली खान को प्रसिद्ध बांसुरी वादक पंडित हरिप्रसाद चौरसिया द्वारा पंडित हरिप्रसाद चौरसिया लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से नवाजा गया।
- देश के जाने-माने बांसुरी वादक पंडित हरिप्रसाद चौरसिया का जन्म 1 जुलाई, 1938 को इलाहाबाद में हुआ था।

19. उत्तर प्रदेश को मिला तीसरा राष्ट्रीय जल पुरस्कार

- उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्रालय को तीसरा राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2022 मिला है। यह अवार्ड प्रदेश को जल संवर्धन व जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए बेहतर काम के लिए प्रदान किया गया है।
- राज्यों में उत्तर प्रदेश पहले, राजस्थान दूसरे और तीसरे स्थान पर तमिलनाडु रहा।
- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

BYJU'S EXAM PREP

- सर्वश्रेष्ठ जिला श्रेणी में उत्तर क्षेत्र के लिए 'सर्वश्रेष्ठ जिला' पुरस्कार मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) को मिला।

20. उत्तर प्रदेश के 14 व्यक्तियों को प्रदान किए गए पद्म पुरस्कार 2022

- राधेश्याम खेमका (मरणोपरांत) एवं कल्याण सिंह (मरणोपरांत) को क्रमश: साहित्य एवं शिक्षा तथा सार्वजनिक मामले के क्षेत्र में भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'पद्मविभूषण' दिया गया।
- राशिद खान को कला के क्षेत्र में तथा वशिष्ठ त्रिपाठी को साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु 'पद्मभूषण' दिया गया।
- इसी प्रकार सुश्री कमलिनी अस्थाना और सुश्री नलिनी अस्थाना (कला), शीशराम (कला), सेठ पाल सिंह (कृषि), सुश्री विद्या विंदु सिंह (साहित्य और शिक्षा), शिवानंद (योग), अजय कुमार सोनकर (विज्ञान एवं अभियांत्रिकी), सुश्री अजिता श्रीवास्तव (कला), डॉ. कमलाकर त्रिपाठी (चिकित्सा) तथा शिवनाथ मिश्र (कला) को पद्मश्री पुरस्कार दिया गया।

21. उत्तर प्रदेश की 18वीं विधानसभा के 23वें अध्यक्ष बने सतीश महाना

- कानपुर नगर की महाराजपुर सीट से विधायक सतीश महाना सर्वसम्मति से 18वीं विधान सभा के अध्यक्ष चुने गए हैं।
- महाना 1991 में पहली बार विधायक चुने गए थे। इसके बाद से वे लगातार विधायक निर्वाचित हो रहे हैं। 18वीं विधानसभा में महाना आठवीं बार विधायक चुने गए हैं।
- महाना योगी सरकार-1 में औद्योगिक विकास मंत्री के साथ विधानसभा की कई समितियों के अध्यक्ष भी रहे हैं।